aglasem.com

FOR CA INTERMEDIATE EXAM PREPARATION

CA Intermediate 2021 Question Paper · Paper 2 Corporate and Other Laws

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
CA Intermediate	2021	Question Paper	Paper 2 Corporate and Other Laws

DATE

January 2021

IPCE (New Syllabus)
Paper - 2
Corporate & Other Laws

ADX2 (H)

JAN 2021

Roll No. .....

Total No. of Printed Pages – **20**

Total No. of Questions – **5**

Maximum Marks – **70**

GENERAL INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. The question paper comprises two parts, Part I and Part II.
2. Part I comprises Multiple Choice Questions (MCQs).
3. Part II comprises questions which require descriptive type answers.
4. Ensure that you receive the question paper relating to both the parts. If you have not received both, bring it to the notice of the invigilator.
5. Answers to Questions in Part I are to be marked on the OMR answer sheet only. Answers to questions in Part II are to be written on the descriptive type answer book. Answers to MCQs, if written in the descriptive type answer book, will not be evaluated.
6. OMR answer sheet will be in English only for all candidates, including for Hindi medium candidates.
7. The bar coded sticker provided in the attendance register, is to be affixed only on the descriptive type answer book. No bar code sticker is to be affixed on the OMR answer sheet.
8. You will be allowed to leave the examination hall only after the conclusion of the exam. If you have completed the paper before time, remain in your seat till the conclusion of the exam.
9. Duration of the examination is 3 hours. You will be required to submit (a) Part I of the question paper containing MCQs, (b) OMR answer sheet thereon and (c) the answer book in respect of descriptive type answer book to the invigilator before leaving the exam hall, after the conclusion of the exam.
10. The invigilator will give you acknowledgement on Page 2 of the admit card, upon receipt of the above-mentioned items.
11. Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

PART – II

70 marks

1. Question paper comprises **5** questions. Answer Question No. **1** which is compulsory and any **3** out of the remaining **4** questions.
2. Working notes should form part of the answer.
3. Answers to the questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

PART – II

1. (a) A Ltd. issued 1,00,000 equity shares of ₹ 100 each at par to the public by issuing a prospectus. The prospectus discloses the minimum subscription amount of ₹ 15,00,000 required to be received on application of shares and share application money shall be payable at ₹ 20 per share. The prospectus further reveals that A Ltd. has applied for listing of shares in 3 recognized stock exchanges of which 1 application has been rejected. The issue was fully subscribed and A Ltd. received an amount of ₹ 20,00,000 on share application. A Ltd., then proceeded for allotment of shares. 6

Examine the three disclosures in the above case study which are the deciding factors in an allotment of shares and the consequences for violation, if any under the provisions of the Companies Act, 2013.

(b) (i) Three chartered accountants, Mr. Robert, Mr. Ram and Mrs. Rohini, formed a Limited Liability Partnership under the Limited Liability Partnership Act, 2008 in the name of 'R & Associates LLP', practicing chartered accountants. SR Ltd. intends to appoint 'R & Associates LLP' as auditors of the company. 3

Examine the validity of the proposal of SR Ltd. to appoint 'R & Associates LLP', a body corporate, as an auditor of the company as per the provisions of the Companies Act, 2013.

(ii) A company received a proxy form 54 hours before the time fixed for the start of the meeting. The company refused to accept the proxy form on the ground that the Articles of the company provided that a proxy form must be filed 60 hours before the start of the meeting. Define proxy and decide under the provisions of the Companies Act, 2013, whether the proxy holder can compel the company to admit the proxy in this case ? 3

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

(c) Radheshyam borrowed a sum of ₹ 50,000 from a Bank on the security of gold on 1.07.2019 under an agreement which contains a clause that the bank shall have a right of particular lien on the gold pledged with it. Radheshyam thereafter took an unsecured loan of ₹ 20,000 from the same bank on 1.08.2019 for three months. On 30.09.2019 he repaid entire secured loan of ₹ 50,000 and requested the bank to release the gold pledged with it. The Bank decided to continue the lien on the gold until the unsecured loan is fully repaid by Radheshyam. Decide whether the decision of the Bank is valid within the provisions of the Indian Contract Act, 1872 ? **4**

(d) Referring to the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881, examine the validity of the following : **3**

A Bill of Exchange originally drawn by R for a sum of ₹ 10,000 but accepted by S only for ₹ 7,000.

2. (a) RS Ltd. received share application money of ₹ 50.00 Lakh on 01.06.2019 but failed to allot shares within the prescribed time limit. The share application money of ₹ 5.00 Lakh received from Mr. Khanna, a customer of the Company, was refunded by way of book adjustment towards the dues payable by him to the company on 30.07.2019. The Company Secretary of RS Ltd. reported to the Board that the entire amount of ₹ 50.00 Lakh shall be deemed to be 'Deposits' as on 31.07.2019 and the Company is required to comply with the provisions of the Companies Act, 2013 applicable to acceptance of deposits in relation to this amount. **4**

You are required to examine the validity of the reporting of the Company Secretary in the light of the relevant provisions of the Companies Act, 2013.

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

(b) (i) The Board of Directors of Dilip Telelinks Ltd. consists of Mr. Choksey, Mr. Patel (Directors) and Mr. Shukla (Managing Director). The company has also employed a full time Secretary. The Profit and Loss Account and Balance Sheet were signed by Mr. Choksey and Mr. Patel. Examine whether the authentication of financial statements of the company is in accordance with the provisions of the Companies Act, 2013 ? 3

(ii) X Ltd. is a listed company having a paid-up share capital of ₹ 25 crore as at 31st March 2019 and turnover of ₹ 100 crore during the financial year 2018-19. The Company Secretary has advised the Board of Directors that X Ltd. is not required to appoint 'Internal Auditor' as the company's paid up share capital and turnover are less than the threshold limit prescribed under the Companies Act, 2013. Do you agree with the advice of the Company Secretary ? Explain your view referring to the provisions of the Companies Act, 2013. 3

(c) Explain whether the agency shall be terminated in the following cases under the provisions of the Indian Contract Act, 1872 : 4

(i) A gives authority to B to sell A's land, and to pay himself, out of the proceeds, the debts due to him from A. Afterwards, A becomes insane.

(ii) A appoints B as A's agent to sell A's land. B, under the authority of A, appoints C as agent of B. Afterwards, A revokes the authority of B but not of C. What is the status of agency of C ?

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

(d) A promissory note specifies that three months after, A will pay ₹ 10,000 to B or his order for value received. It is to be noted that no rate of interest has been stipulated in the promissory note. The promissory note falls due for payment on 01.09.2019 and paid on 31.10.2019 without any interest. Explaining the relevant provisions under the Negotiable Instruments Act, 1881, state whether B shall be entitled to claim interest on the overdue amount ? **3**

3. (a) State the reasons for the issue of shares at premium or discount. Also write in brief the purposes for which the securities premium account can be utilized ? **5**

(b) Mr. R, holder of 1000 equity shares of ₹ 10 each of AB Ltd. approached the Company in the last week of September, 2019 with a claim for the payment of dividend of ₹ 2000 declared @ 20% by the Company at its Annual General Meeting held on 31.08.2011 with respect to the financial year 2010-11. The Company refused to accept the request of R and informed him that his shares on which dividend has not been claimed till date, have also been transferred to the Investor Education And Protection Fund. **5**

Examine, in the light of the provisions of the Companies Act, 2013, the validity of the decision of the Company and suggest the remedy, if available, to him for obtaining the unclaimed amount of dividend and re-transfer of corresponding shares in his name.

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

		Marks
(c)	Gireesh, a legal successor of Ripun, the deceased person, signs a Bill of Exchange in his own name admitting a liability of ₹ 50,000 i.e. the extent to which he inherits the assets from the deceased payable to Mukund after 3 months from 1st January, 2019. On maturity, when Mukund presents the bill to Gireesh, he (Gireesh) refuses to pay for the bill on the ground that since the original liability was that of Ripun, the deceased, therefore, he is not liable to pay for the bill. Referring to the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881 decide whether Mukund can succeed in recovering ₹ 50,000 from Gireesh. Would your answer be still the same in case Gireesh specified the limit of his liability in the bill and the value of his inheritance is more than the liability ?	4
(d)	Sohel, a director of a Company, not being personally concerned or interested, financially or otherwise, in a matter of a proposed motion placed before the Board Meeting, did not disclose his interest although he has a knowledge that his sister is interested in that proposal. He restrains from making any disclosure of his interest on the presumption that he is not required by law to disclose any interest as he is not personally interested or concerned in the proposal. He made his presumption relying on the 'Rule of Literal Construction'. Explaining the scope of interpretation under this rule in the given situation, decide whether the decision of Sohel is correct ?	3

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

4. (a) CDS Ltd. is planning to make a private placement of securities. The Managing Director arranged to obtain a brief note from some source explaining the salient features of the issue of private placement that the Board of Directors shall keep in mind while approving the proposal on this subject. The brief note includes, inter alia, the information / suggestions on the following points : **4**

(i) A private placement shall be made only to a select group of identified persons not exceeding 200 in a financial year.

The aforesaid ceiling of identified persons shall not apply to the offer made to the qualified institutional buyers but is applicable to the employees of the Company who will be covered under the Company's Employees Stock Option Scheme.

(ii) The offer on private placement basis shall be made only once in a financial year for any number of identified persons not exceeding 200.

The Company solicits your remarks on the points referred above as to whether they are valid or not ? Reasoned remarks should be given in accordance with the provisions of the Companies Act, 2013.

(b) (i) Referring to the provisions of the Companies Act, 2013, examine the validity of the following : **3**

Safar Limited having a net worth of ₹ 130 crore wants to accept deposits from its members. It has approached you to advise whether it falls within the category of an eligible company ? What special care has to be taken while accepting such deposits from members ?

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

(ii) Moon Light Ltd. is having its establishment in USA. It obtained a loan there creating a charge on the assets of the foreign establishment. The Company received a notice from the Registrar of Companies for not filing the particulars of charge created by the Company on the property or assets situated outside India. The Company wants to defend the notice on the ground that it shall not be the duty of the company to register the particulars of the charge created on the assets not located in India. Do you agree with the stand taken by the Company ? Give your answer with respect to the provisions of the Companies Act, 2013. 3

(c) (i) PK and VK had a long dispute regarding the ownership of a land for which a legal suit was pending in the court. The court fixed the date of hearing on 29.04.2018, which was announced to be a holiday subsequently by the Government. What will be the computation of time of the hearing in this case under the General Clauses Act, 1897 ? 2

(ii) Income Tax Act, 1961 provides that the gratuity paid by the government to its employees is fully exempt from tax. You are required to explain the scope of the term 'government' and clarify whether the exemption from gratuity income will be available to the State Government Employees ? Give your answer in accordance with the provisions of the General Clauses Act, 1897. 2

(d) What is External Aid to interpretation ? Explain how the Dictionary definitions are the External Aids to Interpretations ? 3

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

5. (a) (i) London Limited, at a general meeting of members of the company, passed an ordinary resolution to buy-back 30 percent of its equity share capital. The articles of the company empower the company for buy-back of shares. Explaining the provisions of the Companies Act, 2013, examine : **3**

(A) Whether company's proposal is in order?

(B) Would your answer be still the same in case the company instead of 30 percent, decides to buy-back only 20 per cent of its equity share capital ?

(ii) The Board of Directors of Rajesh Exports Ltd., a subsidiary of Manish Ltd., decides to grant a loan of ₹ 3 lakh to Bhaskar, the finance manager of Manish Ltd., getting salary of ₹ 40,000 per month, to buy 500 partly paid-up equity shares of ₹ 1,000 each of Rajesh Exports Ltd. Examine the validity of Board's decision with reference to the provisions of the Companies Act, 2013. **2**

OR

(a) The role of doctrine of 'Indoor management' is opposed to that of the role of 'Constructive notice'. Comment on this statement with reference to the Companies Act, 2013. **5**

(b) Veena Ltd. held its Annual General Meeting on September 15, 2018. The meeting was presided over by Mr. Mohan Rao, the Chairman of the Company's Board of Directors. On September 17, 2018, Mr. Mohan Rao, the Chairman, without signing the minutes of the meeting, left India to look after his father who fell sick in London. Referring to the provisions of the Companies Act, 2013, state the manner in which the minutes of the above meeting are to be signed in the absence of Mr. Mohan Rao and by whom ? **5**

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

		Marks
(c)	Satya has given his residential property on rent amounting to ₹ 25,000 per month to Tushar. Amit became the surety for payment of rent by Tushar. Subsequently, without Amit's consent, Tushar agreed to pay higher rent to Satya. After a few months of this, Tushar defaulted in paying the rent. (i) Explain the meaning of contract of guarantee according to the provisions of the Indian Contract Act, 1872. (ii) State the position of Amit in this regard.	4
(d)	"The act done negligently shall be deemed to be done in good faith." Comment with the help of the provisions of the General Clauses Act, 1897.	3

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

PART – II

1. (a) 'ए' लिमिटेड ने प्रविवरण जारी करके 100 रुपये वाले 1,00,000 समता अंश सम-मूल्य पर जनता को निर्गमित किये । प्रविवरण के अनुसार अंशों के आवेदन पर न्यूनतम अभिदान राशि ₹ 15,00,000 प्राप्त होना आवश्यक है तथा आवेदन राशि ₹ 20 प्रति अंश है । प्रविवरण में यह भी वर्णित है कि कम्पनी ने 3 अधिकृत स्कन्ध विनिमय केन्द्रों में सूचीयन हेतु आवेदन किया है । इसमें से 1 आवेदन निरस्त हो गया है । निर्गमन का पूर्ण अभिदान हो गया तथा 'ए' लिमिटेड को अंशों के आवेदन पर ₹ 20,00,000 प्राप्त हुए । तत्पश्चात् 'ए' लिमिटेड ने अंश आबंटित कर दिये । **6**

कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत् उपरोक्त केस के अंशों के आबंटन में तीनों तथ्यों को उजागर करें ।

(b) (i) 3 चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, मिस्टर रोबर्ट, मिस्टर राम एवं श्रीमती रोहिणी ने मिलकर सीमित दायित्व साझेदारी अधिनियम, 2008 अंतर्गत एक सीमित दायित्व वाली साझेदारी 'R एण्ड एसोसियेट्स LLP' के नाम से चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट की प्रेक्टिस के लिये गठित की । SR लिमिटेड, 'R एण्ड एसोसियेट्स LLP' को अपनी कम्पनी का अंकेक्षक नियुक्त करना चाहती है । **3**

कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत SR लिमिटेड का 'R एण्ड एसोसियेट्स LLP', निगमित निकाय, को अंकेक्षक नियुक्त करने के प्रस्ताव की वैधता की जाँच कीजिये ।

(ii) एक कम्पनी को सभा प्रारंभ होने के निश्चित समय से 54 घंटे पहले प्रतिपुरुष नियुक्त करने का एक प्रपत्र प्राप्त हुआ । कम्पनी ने इसे स्वीकार करने से इस आधार पर इनकार कर दिया कि कम्पनी के अन्तर्नियमों के अनुसार यह सभा प्रारंभ होने के 60 घंटे पूर्व प्राप्त होना चाहिये । **3**

प्रतिपुरुष की परिभाषा दीजिये तथा कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत बताइये कि क्या प्रतिपुरुष धारक इस स्थिति में कम्पनी को प्रतिपुरुष नियुक्त करने हेतु बाध्य कर सकता है ?

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

(c) राधेश्याम ने बैंक से 1.07.2019 स्वर्ण गिरवी रखकर ₹ 50,000 की राशि इस शर्त पर उधार ली कि बैंक को गिरवी रखे गये सोने पर विशिष्ट ग्रहणाधिकार प्राप्त होगा । राधेश्याम ने तत्पश्चात् 1.08.2019 को 3 माह के लिये उसी बैंक से ₹ 20,000 का असुरक्षित ऋण लिया । 30.09.2019 को उसने ₹ 50,000 के सुरक्षित ऋण का सम्पूर्ण भुगतान कर दिया तथा बैंक से गिरवी रखा गया सोना वापस करने की प्रार्थना की । बैंक ने राधेश्याम द्वारा असुरक्षित ऋण का पूर्ण भुगतान करने तक सोने पर ग्रहणाधिकार जारी रखने का निर्णय लिया । भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872, के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्णय दीजिये कि क्या बैंक का निर्णय वैध है ? 4

(d) परक्राम्य प्रलेख अधिनियम, 1881 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्नलिखित की वैधता की जाँच कीजिये : 3

एक विनिमय विपत्र जो R द्वारा मूलरूप से ₹ 10,000 के लिए लिखा गया परन्तु S द्वारा केवल ₹ 7,000 के लिये स्वीकृत किया गया ।

2. (a) RS लिमिटेड को 01.06.2019 को अंशों की आवेदन राशि के रूप में ₹ 50 लाख मिले परन्तु कम्पनी निर्धारित समय सीमा में अंशों का आबंटन करने में असमर्थ रहीं । यद्यपि 30.07.2019 को मिस्टर खन्ना, जो कि कम्पनी का ग्राहक है, से प्राप्त ₹ 5 लाख की आवेदन राशि उसके द्वारा देय भुगतान के एवज में लेखों में समायोजित करके चुका दी गई । कम्पनी सचिव ने संचालक मण्डल को सूचित किया कि 31.07.2019 की तिथि से ₹ 50 लाख की समस्त राशि निक्षेप मानी जायेगी तथा कम्पनी को कम्पनी अधिनियम, 2013, के अन्तर्गत इस राशि पर निक्षेप स्वीकार करने सम्बन्धी प्रावधानों की अनुपालना करनी होगी । 4

कम्पनी अधिनियम, 2013, के प्रावधानों के संदर्भ में आप कम्पनी सचिव के प्रतिवेदन की वैधता की समीक्षा कीजिये ।

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

(b) (i) दिलीप टेलीलिंक्स लिमिटेड के संचालक मण्डल में मि. चौकसे, मि. पटेल (दोनों संचालक) तथा मि. शुक्ला (प्रबंध संचालक) सम्मिलित हैं । कम्पनी ने एक पूर्णकालिक सचिव की नियुक्ति भी की है । कम्पनी के लाभ-हानि खाते एवं चिट्ठे पर मि. चौकसे एवं मि. पटेल के हस्ताक्षर हैं । बताइये कि क्या कम्पनी के वित्तीय प्रतिवेदनों का प्रमाणीकरण कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत है ? 3

(ii) X लिमिटेड एक सूचीबद्ध कम्पनी है जिसकी प्रदत्त अंश पूँजी 31 मार्च 2019 को ₹ 25 करोड़ तथा वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान टर्नओवर ₹ 100 करोड़ है । कम्पनी सचिव ने संचालक मण्डल को सलाह दी कि कम्पनी की प्रदत अंश पूँजी तथा टर्नओवर, कम्पनी अधिनियम, 2013 द्वारा निर्धारित सीमा से कम हैं, अतः आन्तरिक अंकेक्षक की नियुक्ति की आवश्यकता नहीं है । क्या आप कम्पनी सचिव के सुझाव से सहमत हैं ? कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के संदर्भ में अपना मत दीजिये । 3

(c) समझाइये कि क्या निम्नलिखित स्थितियों में भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के अनुसार एजेन्सी समाप्त की जा सकती है : 4

(i) A ने B को उसकी (A की) भूमि विक्रय करने तथा उसके विक्रय से प्राप्त राशि से उसे (A को) दिये गये ऋण की वसूली करने का अधिकार दिया । 'A' तत्पश्चात् मानसिक रूप से असक्षम हो गया ।

(ii) A ने B को अपनी भूमि का विक्रय करने हेतु एजेन्ट नियुक्त किया । B ने A से प्राप्त अधिकार के अन्तर्गत C को अपना एजेन्ट नियुक्त किया । तत्पश्चात् A ने B के अधिकार का खण्डन कर दिया, परन्तु C के अधिकार का खण्डन नहीं किया । C की एजेन्सी की क्या स्थिति होगी ?

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

(d) एक प्रतिज्ञा-पत्र के अनुसार तीन महीने पश्चात्, A प्राप्त मूल्य के लिये B को या उसके आदेशानुसार ₹ 10,000 चुकायेगा । प्रतिज्ञा-पत्र में ब्याज की राशि निर्धारित नहीं की गई थी । प्रतिज्ञा-पत्र का भुगतान 01.09.2019 को देय हुआ तथा भुगतान 31.10.2019 को बिना ब्याज के किया गया । परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के प्रावधानों के अन्तर्गत बताइये कि क्या B, देरी से भुगतान के लिये ब्याज की माँग करने का अधिकार रखता है ? 3

3. (a) अंशों के प्रीमियम अथवा बट्टे पर निर्गमन के कारण बताइये । संक्षेप में यह भी बताइये कि अंश प्रीमियम खाते का उपयोग किन उद्देश्यों के लिये किया जा सकता है ? 5

(b) सितम्बर 2019 के अन्तिम सप्ताह में मिस्टर 'R' जो कि AB लिमिटेड के ₹ 10 वाले 1000 समता अंशों का धारक है, ने कम्पनी से 31.08.2011 की वार्षिक साधारण सभा में वित्तीय वर्ष 2010-11 में 20% की दर से घोषित ₹ 2,000 के लाभांश के भुगतान की माँग हेतु सम्पर्क किया । कम्पनी ने उसकी प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया तथा उसे सूचित किया कि उसके अंश जिन पर नियत तिथि तक लाभांश की माँग नहीं की गई थी को भी निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण खाते में अन्तरित कर दिया गया है । कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के संदर्भ में कम्पनी के निर्णय की जाँच कीजिये तथा बताइये कि क्या उसे अंशों का वापस अपने नाम में अन्तरण कराने एवं अयाचित लाभांश प्राप्त करने हेतु कोई उपचार उपलब्ध है ? 5

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

(c) गिरीश, जो कि रिपुन (एक मृतक) का वैधानिक उत्तराधिकारी है, 1 जनवरी 2019, से 3 माह पश्चात् ₹ 50,000 का दायित्व, जो कि उसे मृतक से प्राप्त सम्पत्ति के अन्तर्गत था, स्वीकार करते हुए एक विनिमय-विपत्र अपने नाम से हस्ताक्षर किया जो कि मुकुन्द को देय था । परिपक्वता तिथि पर जब मुकुन्द ने गिरीश को विपत्र प्रस्तुत किया तो उसने यह कहकर भुगतान से इनकार कर दिया कि वास्तविक दायित्व रिपुन का था, जो कि एक मृतक है, अत: वह विपत्र के भुगतान के लिये दायी नहीं है ।

परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के अन्तर्गत निर्णय कीजिये कि क्या मुकुन्द, गिरीश से ₹ 50,000 वसूल करने में सफल होगा ? क्या आपका जवाब उस स्थिति में भी समान होगा यदि गिरीश ने विपत्र में अपने दायित्व की सीमा निश्चित की है तथा उसे प्राप्त पैतृक सम्पत्ति का मूल्य उस दायित्व से ज्यादा है ? 4

(d) सोहेल, कम्पनी का एक संचालक है तथा संचालक मण्डल की सभा में रखे जाने वाले एक प्रस्ताव में उसका वित्तीय या अन्य प्रकार का कोई निजी हित नहीं है । यह जानते हुए भी कि उसकी बहन का उस प्रस्ताव में हित है उसने प्रस्ताव में अपना हित प्रकट नही किया । उसने प्रकटीकरण से इस पूर्वमान्यता के आधार पर इनकार किया कि चूँकि प्रस्ताव में उसका कोई व्यक्तिगत हित या सम्बन्ध नहीं है अत: कानूनी रूप से उसे प्रकटीकरण की आवश्यकता नहीं है । उसने यह मान्यता शाब्दिक निर्माण के नियम के आधार पर बनाई । इस स्थिति में नियम का स्पष्टीकरण करते हुए समझाइये कि क्या सोहैल का निर्णय सही है ? 3

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

4. (a) CDS लिमिटेड प्रतिभूतियों का प्राइवेट प्लेसमेन्ट करने की योजना बना रही है । प्रबंध संचालक ने प्राइवेट प्लेसमेंट के मुख्य तत्त्वों को समझाने के लिये किसी स्रोत से एक संक्षिप्त नोट प्राप्त किया, जिसे कि संचालक मण्डल इस विषय पर प्राप्त प्रस्तावों को अधिकृत करते समय ध्यान रख सके । संक्षिप्त नोट में निम्नलिखित सूचनाएँ / सुझाव अन्तर्निहित है : 4

(i) एक वित्तीय वर्ष में प्राइवेट प्लेसमेन्ट में पहचानित व्यक्तियों के चयनित समूह में 200 से अधिक व्यक्ति नहीं होंगे ।

यह सीमा पात्र संस्थागत क्रेताओं पर लागू नहीं होगी परन्तु कर्मचारी स्कन्ध विकल्प योजना के अन्तर्गत आने वाले कम्पनी के कर्मचारियों पर लागू होगी ।

(ii) प्राइवेट प्लेसमेंट का प्रस्ताव किसी भी पहचानित व्यक्तियों के समूह जिसमें कि 200 से अधिक व्यक्ति नहीं होंगे को वित्तीय वर्ष में केवल 1 बार दिया जायेगा ।

कम्पनी प्रत्येक बिन्दु पर आपकी टिप्पणी जानना चाहती है कि यह वैध है या नहीं ?

कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत कारण सहित आपकी टिप्पणी दीजिये ।

(b) (i) कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्नलिखित की वैधता की जाँच कीजिये : 3

सफर लिमिटेड जिसकी नेट वर्थ 130 करोड़ है अपने सदस्यों से जमाएँ स्वीकार करना चाहती है । वह आपसे सम्पर्क करके यह जानना चाहती हैं कि क्या यह कम्पनी जमाओं के लिये योग्य कम्पनी की श्रेणी में आती हैं ? सदस्यों से जमाएँ स्वीकार करते समय कौन से विशेष तथ्य ध्यान में रखे जाने चाहिये ?

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

(ii) मून लाइट लिमिटेड की एक संस्था अमेरिका में भी है । कम्पनी ने वहाँ पर एक ऋण लिया जो कि विदेश में स्थित संस्था की सम्पत्ति पर प्रभारित है । कम्पनी रजिस्ट्रार ने कम्पनी को नोटिस जारी किया कि आपके द्वारा विदेश में स्थित सम्पत्ति पर प्रभार का विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया है । कम्पनी इस आधार पर अपना बचाव करना चाहती है कि ऐसी सम्पत्ति जो कि भारत में स्थित नहीं है पर प्रभार के विवरण का पंजीयन कराना आवश्यक नहीं है । क्या आप कम्पनी के इस तर्क से सहमत हैं ? कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के सन्दर्भ में अपना उत्तर दीजिये । 3

(c) (i) PK तथा VK का एक भूमि के स्वामित्व को लेकर पुराना विवाद है जिसका मामला न्यायालय में लम्बित है । न्यायालय द्वारा इसकी सुनवाई की तिथि 29.04.2018 निर्धारित की गई थी । बाद में सरकार द्वारा इस तिथि को अवकाश घोषित कर दिया गया । सामान्य वर्ग अधिनियम, 1897 के अन्तर्गत इस मामले की सुनवाई की तिथि का निर्धारण किस प्रकार किया जायेगा ? 2

(ii) आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को दी गई ग्रेच्युटी की राशि कर से पूर्णतः मुक्त है । 'सरकार' शब्द के क्षेत्र को समझाते हुए बताइये कि क्या यह छूट राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी उपलब्ध है ? सामान्य वर्ग अधिनियम, 1897 के प्रावधानों के अनुसार अपना उत्तर दीजिये । 2

(d) निर्वाचन के बाह्य सहायक क्या होते हैं ? समझाइये कि शब्दकोषीय परिभाषाएँ निर्वाचन हेतु बाह्य सहायक किस प्रकार होती हैं ? 3

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

5. (a) (i) लंदन लिमिटेड ने अपनी सदस्यों की साधारण सभा में समता अंश पूँजी का 30% पुन: क्रय करने का सामान्य प्रस्ताव पारित किया । कम्पनी के अन्तर्नियम कम्पनी को अंशों के पुन: क्रय का अधिकार देते हैं । कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों को समझाते हुए जाँच कीजिये : 3

(A) क्या कम्पनी का प्रस्ताव नियमानुसार है ?

(B) यदि कम्पनी अपनी समता अंश पूँजी का 30% के स्थान पर 20% पुन: क्रय करने का निर्णय लेती है तो भी क्या आपका उत्तर समान होगा ?

(ii) राजेश एक्सपोर्ट लिमिटेड जो कि मनीष लिमिटेड की सहायक कम्पनी है, के संचालक मण्डल ने, भास्कर जो कि मनीष लिमिटेड का वित्त प्रबंधक है तथा ₹ 40,000 प्रति माह का वेतन प्राप्त करता है को राजेश एक्सपोर्ट लिमिटेड के ₹ 1,000 सममूल्य वाले 500 अंशत: प्रदत्त-अंश क्रय करने के लिये ₹ 3 लाख का ऋण देने का निर्णय किया । कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के संदर्भ में संचालक मण्डल के निर्णय की जाँच कीजिये । 2

अथवा

(a) 'आन्तरिक प्रबंध' के सिद्धांत की भूमिका 'रचनात्मक सूचना' के सिद्धांत की भूमिका के विपरीत है । कम्पनी अधिनियम, 2013, के परिप्रेक्ष्य में इस कथन पर टिप्पणी कीजिये । 5

(b) वीना लिमिटेड की वार्षिक साधारण सभा 15 सितंबर, 2018 को हुई । सभा की अध्यक्षता मि. मोहन राव, जो कि कम्पनी के संचालक मण्डल के अध्यक्ष हैं, ने की थी । 17 सितंबर, 2018 को अध्यक्ष, मि. मोहन राव, सभा के सूक्ष्म हस्ताक्षरित किये बिना ही लंदन में अपने बीमार पिता की देखभाल के लिये चले गये । कम्पनी अधिनियम, 2013, के प्रावधानों के संदर्भ में बताइये कि मि. मोहन राव की अनुपस्थिति में सूक्ष्म किस प्रकार से तथा किसके द्वारा हस्ताक्षरित किये जायेंगे ? 5

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Marks

(c) सत्या ने अपनी रिहायशी सम्पत्ति, ₹ 25,000 प्रतिमाह के किराये पर तुषार को दी । अमित ने तुषार द्वारा किराया चुकाये जाने की गारन्टी प्रतिभू के रूप में दी । तत्पश्चात् अमित की सहमति के बिना तुषार ने सत्या को अधिक किराया चुकाने की सहमति दे दी । इसके कुछ माह बाद तुषार किराया नहीं चुका पाया । 4

(i) भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872, के अन्तर्गत गारन्टी अनुबंध का आशय समझाइये ।

(ii) इस सम्बन्ध में अमित की स्थिति बताइये ।

(d) "किसी कार्य को जो कि लापरवाही से किया गया है 'सद्भावना' से किया जाना माना जा सकता है ।" सामान्य वर्ग अधिनियम, 1897 के प्रावधानों के अन्तर्गत टिप्पणी कीजिये । 3

© The Institute of Chartered Accountants of India

ADX2 (H) **Marks**

रोल नं. ..... कुल पृष्ठ – **20**

कुल प्रश्नों की संख्या – **5** अधिकतम अंक – **70**

अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं, Part-I और Part-II.
2. Part-I में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।
3. Part-II में वर्णनात्मक प्रकार के उत्तर की अपेक्षा वाले प्रश्न हैं ।
4. सुनिश्चित करें कि दोनों भागों से संबंधित प्रश्न-पत्र आपने प्राप्त किया है । यदि आपने दोनों भाग प्राप्त नहीं किये हैं तो निरीक्षक के ध्यान में लावें।
5. Part-I के प्रश्नों के उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर चिह्नित करने हैं । Part-II के प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखना हैं । बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखने पर उनका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. OMR उत्तर-पत्र सभी अभ्यर्थियों के लिए, हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों सहित, केवल अंग्रेजी में होगा ।
7. उपस्थिति पंजीयक में दिया बार कोड स्टीकर केवल वर्णनात्मक प्रकार उत्तर पुस्तिका पर लगाया जाएगा । OMR उत्तर-पत्र पर कोई बार कोड स्टीकर नहीं लगाया जाएगा ।
8. परीक्षा की समाप्ति के पश्चात ही आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी । यदि आपने समय से पूर्व पेपर पूर्ण कर लिया है तो भी आपको अपनी सीट पर ही बैठना होगा ।
9. परीक्षा की अवधि 3 घंटे है । आपको परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा कक्ष छोड़ने के पूर्व निरीक्षक को (a) बहुविकल्पीय प्रश्नों वाले प्रश्न-पत्र का Part-I (b) OMR उत्तर-पत्र और (c) वर्णनात्मक उत्तरों वाली उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक को जमा कराना आवश्यक है ।
10. उपर्युक्त दर्शित सामग्री की प्राप्ति पर, निरीक्षक प्रवेश-पत्र के पृष्ठ 2 पर अभिस्वीकृति प्रदान करेगा ।
11. अभ्यर्थी नकल करते या किसी प्रकार की सहायता देते या प्राप्त करते या निरीक्षक के निर्देशों की अवज्ञा करते पाया गया, तो परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी बाध्यकारी होगा ।

भाग – II **70 अंक**

1. भाग-II में **5** प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है, का उत्तर दीजिये तथा शेष **4** प्रश्नों में से किन्हीं **3** का उत्तर देना है ।
2. कार्यशील टिप्पणियाँ उत्तर का भाग मानी जायेंगी ।
3. उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, सभी परीक्षार्थियों को उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं । यदि किसी परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com